# गर्मी ने तोड़ा रिकॉर्ड, पारा 38 डिग्री के पार

## जल संकट की आहट के बीच रूफ वाटर हार्वेस्टिंग की अनदेखी



नवभारत न्यूज

**गुना 9 मार्च का। मार्च के पहले पखवाड़े में ही सूर्यदेव के तेवर तीखे हो गए हैं। जिले में गर्मी ने समय से पहले ही अपने रंग दिखाने शुरू कर दिए हैं, जिससे न केवल जनजीवन प्रभावित हो रहा है बल्कि आगामी दिनों में भीषण जल संकट की आशंका भी गहराने लगी है। सोमवार, 9 मार्च 2026 को गुना का अधिकतम तापमान 38.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो इस सीजन का अब तक का सबसे अधिक तापमान है।**

आमतौर पर मार्च की शुरूआत में मौसम खुशनुमा रहता है, लेकिन इस बार सर्दी और बरसात की विदाई के तुरंत बाद गर्मी ने रिकॉर्ड तोड़ना शुरू कर दिया है। रविवार के मुकाबले सोमवार को पारे में हुई जबरदस्त बढ़ोतरी ने प्रशासन और आमजन की चिंता बढ़ा दी है। इस बढ़ते तापमान के साथ ही शहर के कई वार्डों में पेयजल किल्लत की आहट सुनाई देने लगी है। विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि यदि अभी से जल संरक्षण पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाले दो महीनों में स्थिति विस्फोटक हो सकती है।

शहर में गिरते भू-जल स्तर के बावजूद रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को लेकर घोर लापरवाही बरती जा रही है। नियमानुसार, नगरपालिका से मकान का नक्शा पास कराते समय वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाना अनिवार्य है। इसके लिए निर्माणकर्ता से क्षेत्रफल के आधार पर 7 हजार से लेकर 15 हजार रुपये तक की सुरक्षा निधि जमा कराई जाती है।

### ठंडे पेय पदार्थों की बढ़ी मांग

सोमवार को पारे के 38.3 डिग्री के पार पहुँचते ही शहर की सड़कों पर गर्मी का असर साफ दिखाई दिया। दोपहर के समय तेज धूप और लू के थपेड़ों के कारण आवाजाही काफी कम रही और मुख्य बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। हालांकि, सुबह और शाम के समय मौसम थोड़ा सुहावना होने पर बाजारों में रौनक बरकरार दिखी। गर्मी से राहत पाने के लिए लोगों ने अब ठंडे पेय पदार्थों का सहारा लेना शुरू कर दिया है। शहर के प्रमुख चौराहों और ठेलों पर गन्ने का रस, छाछ, लस्सी और कोल्ड ड्रिंक्स की मांग में अचानक तेजी आ गई है।

## 57 बालिकाओं ने मुफ्त टीकाकरण में भाग लिया

**पडाना 09 मार्च, सं.** सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एचपीवी वैक्सीन टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया,जो सर्वाइकल कैंसर जैसे रोगों को 90 से 95 प्रतिशत तक रोकने एवं शरीर को सुरक्षित रखने के लिए लाभदायक रहेगा. सोमवार नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एचपीवी वैक्सीन टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें पड़ाना मगराना रामपुरियाखेड़ा करोंदी मऊ बरुखेड़ी टीकोद आशारेटा इत्यादि ग्रामीण अंचलों से 50 से भी अधिक 14 वर्ष की बालिकाओं ने मुफ्त एचपीवी वैक्सीन टीकाकरण में भाग लिया. और स्वैच्छिक मुफ्त एचपीवी वैक्सीन का टीका लगवाया. इस मौके पर टीकाकरण शिविर में डॉ तन्मय मोदी,डॉक्टर मुस्कान रावतिया, स्वास्थ्य विभाग सुपरवाइजर एल एन सिलोरिया आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहीं.

# 11 से 16 मार्च तक पंचकल्याणक महोत्सव

शीतल धाम में 108 फीट ऊंचे भव्य जैन मंदिर का निर्माण

भगवान आदिनाथ की प्रतिमा की होगी प्राण प्रतिष्ठा



### 35 करोड़ की लागत से बन रहा भव्य मंदिर

समवशरण जैन मंदिर , जो अपनी ऊंचाई और अद्वितीय वास्तुकला के कारण विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगा ,लगभग 108 फीट ऊंचे इस मंदिर को देश का पहला ऐसा समवशरण मंदिर माना जा रहा है, जो इतने विशाल और भव्य स्वरूप में तैयार किया जा रहा है. रेलवे लाइन किनारे करीब 18 बीघा भूमि में फैले शीतलधाम को जैन तीर्थ स्थल के रूप में विकसित है. मंदिर परिसर में जैन धर्म के 24 तीर्थंकरों के साथ भगवान का पूरा दरबार स्थापित किया जाएगा.

नवभारत न्यूज

**विदिशा 9 मार्च, पावन धरती एक बार फिर बड़े धार्मिक आयोजन की साक्षी बनने जा रही है. सकल दिगंबर जैन समाज एवं शीतल धाम न्यास के संयुक्त तत्वावधान में 11 मार्च से 16 मार्च तक पंचकल्याणक महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है. इस अवसर पर शीतल धाम में निर्मित 108 फीट ऊंचे भव्य जैन मंदिर का निर्माण चल रहा है.जिसमें भगवान आदिनाथ की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होगी.**

इस संबंध में समाज के पदाधिकारियों और आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित कर कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई. उन्होंने बताया कि पंचकल्याणक महोत्सव जैन धर्म का अत्यंत महत्वपूर्ण और पवित्र आयोजन होता है, जिसमें भगवान के गर्भ, जन्म, तप, ज्ञान और मोक्ष कल्याणक से जुड़े धार्मिक अनुष्ठान और कार्यक्रम संपन्न किए जाते हैं. समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि ग्राम बड़ो में भगवान आदिनाथ की प्रतिमा प्राप्त हुई थी, जिसे श्रद्धा और विधि-विधान के साथ शीतल धाम में स्थापित किया जाएगा.

# घटिया निर्माण सामग्री का किया उपयोग

## पेयजल टंकी के निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं



नवभारत न्यूज

**शाहगढ़ 9 मार्च. नल-जल योजना के अंतर्गत निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं. ग्रामीणों का आरोप है कि जल निगम की देखरेख में चल रहे इस निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिससे भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है.**

जानकारी के अनुसार ग्राम गुड़ियाखेरा निवासी हरदेव यादव तथा ग्राम पंचायत अमरमऊ के उपसरपंच बाबू यादव ने बताया कि गांव में जलापूर्ति के लिए बनाई जा रही पानी की टंकी का निर्माण कार्य कई वर्षों से धीमी गति से चल रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का बिल्कुल भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है. हरदेव यादव के अनुसार टंकी निर्माण में उपयोग की जा रही रेत बेहद घटिया गुणवत्ता की है, जब इस संबंध में उन्होंने मौके पर मौजूद ठेकेदार के कर्मचारियों से बात की तो उन्हें कथित तौर पर मारने-पीटने की धमकी दी गई.

इसी तरह के आरोप उपसरपंच बाबू यादव सहित कई अन्य ग्रामीणों ने भी लगाए हैं. ग्रामीणों का कहना है कि पानी की टंकी का निर्माण शासकीय विद्यालय के पास किया जा रहा है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में बच्चे पढ़ने आते हैं, ऐसे में यदि घटिया सामग्री से बनी टंकी भविष्य में किसी हादसे का कारण बनती है तो जिम्मेदारी किसकी होगी?

## निजी स्कूलों में नि :शुल्क प्रवेश प्रक्रिया शुरू

गुना। शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत सत्र 2026-27 के लिए गैर अनुदान प्राप्त निजी स्कूलों में वंचित एवं कमजोर वर्ग के बच्चों को नि:शुल्क प्रवेश दिलाने की तैयारी शुरू हो गई है। राज्य शिक्षा केंद्र, भोपाल द्वारा इस संबंध में ऑनलाइन आवेदन की समय-सारणी जारी कर दी गई है, जिससे पात्र परिवारों को अपने बच्चों की शिक्षा के लिए बेहतर अवसर मिल सकेगा। जिला परियोजना समन्वयक ऋषि कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आरटीई के अंतर्गत आगामी सत्र के लिए नि:शुल्क प्रवेश की ऑनलाइन प्रक्रिया 13 मार्च 2026 से प्रारंभ होगी।

# दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ

नवभारत न्यूज

**सागर 9 मार्च. शासकीय कन्या महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा छात्राओं को खाद्य प्रशंसकरण का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया.**



प्रथम दिवस डॉ. अनामिका दुबे ने कहा यह उत्पाद प्रत्येक घर में उपयोग किया जाने वाला उत्पाद है, इसका निर्माण कर घरेलू व्यवसाय एवं लघु उद्योग स्तर पर व्यवसाय किया जा सकता है. बड़े पैमाने पर बनाये जाने वाले केचअप में शुद्धता की मात्रा बहुत कम होती है, इसलिए यदि आप छोटे स्तर पर शुद्ध उत्पाद बनाते है तो सफलता की संभावना ज्यादा हो सकती है. छात्राओं के प्रश्न पूछ कर जिज्ञासा शांत की कार्यक्रम में डॉ. अंकित सूर्यवंशी नरयावली महाविद्यालय, डॉ. खुदेजा परबीन शास महा पथरिया, डॉ. दुर्गेश नंदनी, डॉ. मनीषा मिश्रा, कविता बागरी उपस्थि थे. द्वितीय दिवस राजेश मिश्रा द्वारा नीबू, आम एवं बेर के स्वेकेश एवं कार्नीवाल बनाने की विधि और उसे संधारित करने के तरीके पर चर्चा की.

अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. बिन्दु श्रीवास्तव ने कहा यह प्रशिक्षण से परिपूर्ण व्याख्यान आपकी आत्म निर्भरता का मार्ग बनाएग. प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी ने कहा महाविद्यालय इस दिशा में लगातार कार्य कर रहा है, कि बच्चों को पठन-पाठन के साथ ऐसी व्यवहारिक शिक्षा प्रदान करे जिसमें वे अपनी राह खुद निर्धारित कर सकें. डॉ. अंजना चतुर्वेदी ने कहा यह व्याख्यान आपको अपने दैनिक जीवन में शुद्ध खान-पान की शिक्षा के साथ शीतल पदार्थ निर्माण करने का कौशल विकास करेगा.

## होली मिलन समारोह एवं कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ

**पिपरियाा,9 मार्च नससे.** कलार समाज भवन में होली मिलन समारोह एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान सहस्त्रबाहु जी की आरती की गई.कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष रामदास राय, पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल, पूर्व जिला सतर्कता निगरानी सदस्य अरविंद राय, राकेश कटकवार , अजय कटकवार, डॉ सतीश कटकवार, गोलू जायसवाल, महिला अध्यक्ष रेखा जायसवाल, विनीत जायसवाल, सविता तोमर, अर्चना अरविंद राय, प्रीति हरीश राय, अनामिका राय,सहित अनेकों सामाजिक बंधु भगवान सहस्त्रबाहु जी की आरती में शामिल हुए।

## एक नजर में




### हर जगह महिलाओं ने अपनी छाप छोड़ी : मेवाड़ा

**आष्टा.** मैजिक बस संस्था के तत्वधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया. कार्यक्रम में नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, जनपद अध्यक्ष दीक्षा गुणवान, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, भाजपा नेता सोनू गुणवान, संस्था के राकेश शर्मा उपस्थित थे . नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि आज का दिन उन महिलाओं के सम्मान में समर्पित है, जिन्होंने समाज, परिवार और राष्ट्र के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया है .कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था की उस्मान खां, भैयालाल, नसरीन बी, वेदांत, सुमित आदि द्वारा उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया. कार्यक्रम के अंत में संस्था द्वारा उपस्थित महिलाओं को टोपी व चश्मा वितरित किया गया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं.

### भैंसदेही-आठनेर में पूर्व सैनिकों की बैठक कल

**बैतूल।** कैप्टन आईएन सुमीत सिंह से.नि.जिला सैनिक कल्याण अधिकारी 11 मार्च 2026 को भैंसदेही और आठनेर में पूर्व सैनिकों और शहीदों की पत्नियों की समस्याएं सुनेंगे।जानकारी के अनुसार भैंसदेही क्षेत्र के पूर्व सैनिकों की बैठक सुबह 11.30 बजे जनपद पंचायत भैंसदेही के सभाकक्ष में होगी।इसके बाद 12.45 बजे जनपद पंचायत आठनेर के सभाकक्ष में आठनेर क्षेत्र के पूर्व सैनिकों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने संबंधित तहसीलों के सभी भूतपूर्व सैनिकों एवं शहीदों की पत्नियों से निर्धारित समय और स्थान पर पहुंचकर अपनी समस्याओं से अवगत कराने की अपील की है, ताकि उनका निराकरण किया जा सके।

### आज किसानों के पंजीयन की अंतिम तिथि

**टीकमगढ़।** राज्य शासन द्वारा रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के इच्छुक किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। विभाग द्वारा जारी नवीनतम आदेश के अनुसार, गेहूं पंजीयन की निर्धारित समय-सीमा को अब बढ़ा दिया गया है। गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन की अवधि 10 मार्च 2026 तक की गई है। इस निर्णय का मुख्य उद्देश्य उन किसानों को पर्याप्त अवसर प्रदान करना है जो तकनीकी कारणों या अन्य व्यस्तताओं के चलते अब तक अपना पंजीयन नहीं करा पाए हैं। जिले में 63 पंजीयन केन्द्र स्थापित किए गए हैं। किसान भाई निर्धारित केंद्रों, एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर या लोक सेवा केंद्रों पर जाकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

### लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक आज

**विदिशा,** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में लंबित आवेदनो की समीक्षा (टीएल) बैठक मंगलवार दस मार्च को आयोजित की गई है यह बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में दोपहर तीन बजे से शुरू होगी.

### विसोनिया में सहरिया महिलाओं का सम्मान

**गुना।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को बमोरी तहसील के ग्राम विसोनिया में महिलाओं के सम्मान के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सहरिया समुदाय की महिलाओं को साड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया और समाज निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजसेवी कार्यकर्ता सूरज सहरिया ने कहा कि महिला शक्ति ही समाज की असली रीढ़ है। इस शक्ति का सम्मान और उत्थान ही एक सशक्त समाज की नींव रखता है। कार्यक्रम की विशषता यह रही कि इस दौरान महिलाओं ने भी अपने विचार साझा किए। गांव की नारायणी बाई ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा वह रोशनी है जो हर बेटी के जीवन को उज्ज्वल बना सकती है। हमें अपनी बेटियों को पढ़ाने और उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने की जरूरत है। वहीं, रीना बाई ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश देते हुए कहा कि महिला सिर्फ सहनशक्ति की प्रतीक नहीं, बल्कि साहस और संघर्ष का स्वरूप भी है।

# 'सुपरफास्ट' एक्शन : 24 घंटे में सुलझाई चोरी की गुत्थी

**गुना। पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के कुशल नेतृत्व और प्रभावी रणनीति के चलते गुना पुलिस ने संपत्ति संबंधी अपराधों पर नकेल कसना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में केंट थाना पुलिस ने एक आवासीय परिसर में हुई चोरी की घटना का महज 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए चोर और चोरी का माल खरीदने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गया शत-प्रतिशत माल भी बरामद कर लिया है।**



मामले के अनुसार, 6 मार्च 2026 को फरियादी अजय शर्मा (दुबे फाइनेंशियल सर्विसेज मार्केटिंग) ने केंट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि केंट क्षेत्र के एक आवासीय परिसर में रिनोवेशन का कार्य चल रहा था, जहाँ से अज्ञात बदमाशों ने लोहे के एंगल, सरिया, टाइल काटने की मशीन, फर्नीचर मशीन, नल की टोंटी और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया था।

पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 305(ए) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर और सीएसपी प्रियंका मिश्रा के पर्यवेक्षण में केंट थाना प्रभारी अनूप कुमार भार्गव की टीम ने त्वरित कार्रवाई की। पुलिस ने तकनीकी संसाधनों और सीसीटीवी फुटेज का गहन विश्लेषण किया.

> आरोपियों के कब्जे से चोरी गया संपूर्ण सामान बरामद किया गया, जिसकी कुल कीमत करीब 60 हजार रुपये आंकी गई है। बरामद सामान में ड्रिल मशीन, ग्राइंडर, बुडकटर मशीन, रुंदा मशीन, लोहे का सरिया और नल की टोंटियां शामिल हैं। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। इस सफल कार्रवाई में केंट थाना प्रभारी अनूप कुमार भार्गव, सीसीटीवी कंट्रोल प्रभारी विकास उपाध्याय, प्रधान आरक्षक रामभरोसा बैरागी, आरक्षक सूर्यभान जाट, राजू बघेल, शुभम रघुवंशी और सीसीटीवी कंट्रोल टीम के भूपेंद्र सेंगर, नितिन राठौर, साक्षी सिकरवार व प्रिया टुण्डेले की विशेष भूमिका रही।

# गर्मी बढ़ते ही बढ़ने लगी खेतों में आगजनी की घटनाएं



नवभारत न्यूज

**सीहोर 9 मार्च. रबी सीजन की प्रमुख फसल गेहूं के पकने के साथ ही क्षेत्र में आगजनी की घटनाएं भी बढ़ने लगी हैं. हर साल की तरह इस बार भी खेतों में खड़ी पकी फसल आग की चपेट में आ रही है, जिससे किसानों की महीनों की मेहनत कुछ ही पलों में राख हो जाती है. सोमवार को आसपास के कई गांवों में आग लगने की घटनाओं में आधा दर्जन किसानों की गेहूं की पकी फसल जलकर खाक हो गई.**

जानकारी के अनुसार सोमवार को नजदीक के गांव निपानिया खुर्द, मुहाली, बड़बेली, नोनीखेड़ी, धबोटी और चार मण्डली में खेतों में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और आसपास खड़ी गेहूं की फसल को अपनी चपेट में ले लिया. खेतों से उठती आग की लपटें और धुएं को देखकर आसपास के किसानों में अफरा-तफरी मच गई.

घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण और किसान मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए. किसानों ने अपने स्तर पर पानी के टैंकर, मोटर पंप और अन्य संसाधनों की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की. कई जगह ट्रैक्टरों से खेतों की जुताई कर आग को आगे बढ़ने से रोकने का प्रयास भी किया गया. इसके अलावा ग्रामीणों ने आसपास की झाड़ियां तोड़कर उनकी मदद से आग पर काबू पाने के जतन किए. कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया जा सका.

### आगजनी के दौरान क्षेत्र में नहीं थी बिजली

ग्रामीणों के अनुसार जिस समय खेतों में आग लगी, उस समय इलाके में बिजली भी नहीं थी. ऐसे में शॉर्ट सर्किट जैसी संभावना से इनकार किया जा रहा है. फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, लेकिन आशंका जताई जा रही है कि किसी की लापरवाही या छोटी सी चिंगारी से यह हादसा हुआ होगा. तेज हवा के कारण आग तेजी से फैल गई, जिससे नुकसान ज्यादा हुआ.

# हत्या का प्रयास करने वाला आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**टीकमगढ़/ पलेरा। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिला टीकमगढ में घटित गंभीर अपराधों के अपराधियों के खिलाफ तत्काल कार्यवाही कर आरोपियों की धरपकड हेतू चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना पलेरा के अपक्र 59/2026 धारा 109 (1) वीएनएस, 25/27 आर्म्स एक्ट मे आरोपी विश्वनाथ पाल पिता हरीदास पाल उम्र 36 साल निवासी ग्राम कछौरा थाना पलेरा**




**जिला टीकमगढ को थाना पलेरा पुलिस द्वारा घटना के 24 घंटे के अंदर ग्राम कछौरा से गिरफ्तार किया।**

मामला इस प्रकार से है कि फरि ने थाना पर रिपोर्ट लेख कराई कि गांव के कारशदेव महराज के यहां भंडारा चल रहा था जो गांव के विश्वनाथ पाल पिता हरीदास पाल निवासी कछौरा ने पुरानी रंजिश को लेकर जान से मारने की नियत से कट्टा से फरियादी की लडका के पेट मे गोली मार दी। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की धरपकड़ हेतु पुलिस टीम तैयार कर रवाना की गई.

## कलेक्टर की अध्यक्षता में डीएटीसीसी की हुई बैठक

**विदिशा,** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद डीएटीसीसी की बैठक सोमवार को आयोजित की गई थी.कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में हुई इस बैठक में सर्वसम्मति से जिले के सभी पर्यटन स्थलों का अधिक से अधिक भ्रमण हो इसके लिए रूटचार्ट तैयार करने पर बल दिया गया है.वहीं स्कूलवार विद्यार्थियों को भ्रमण कराने पर सहमति व्यक्त की गई है. बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बसो के माध्यम से पर्यटन स्थलों की जानकारियां सुगमता से सम्प्रेषित हो इसके लिए बसो में फोटोग्राफ लगाए जाने का कार्य जिला परिवहन अधिकारी को सौंपा गया है.

**सम्मान** | प्रथम नगर आगमन पर स्वागत में बिछाए पलक पांवड़े, प्राचार्य ने दी अपनी कुर्सी और स्कूली बच्चों ने सलामी

# अफसर बनने वाली बेटी का शहर ने किया दिल खोलकर स्वागत

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,जिस स्कूल की कक्षाओं में बैठकर कभी एक साधारण छात्रा ने बड़े सपनों को आकार दिया था, सोमवार को उसी शिक्षा के मंदिर की चौखट को प्रणाम करने झुकीं तो एक पल के लिए लगा कि अफसर नहीं, संस्कार बड़े होते हैं.**



गांव की स्कूल की यह छात्र आज सिविल सेवा में चयनित अफसर के रूप में होकर लौटी तो स्वागत में गांव वालों शहर वालों को भी पीछे छोड़ दिया. शहर वालों ने स्वागत में पलक पांवडे तो बिछाये ही गांव वालों ने भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ी स्वागत और तालियों की गूंज के बीच प्राची चौहान ने सबसे पहले विद्यालय की चौखट को प्रणाम किया और गुरुजनों के सामने विनम्रता से सिर झुका दिया. उस क्षण विद्यालय का आंगन गर्व, भावनाओं और प्रेरणा से भर उठा, मानो सफलता खुद अपने संस्कारों और शिक्षा को नमन करने लौट आई हो.

जी हम बात कर रहे हैं विदिशा जिले के ग्राम जोहद के एक साधारण से किस परिवार की होनहार बेटी प्राची चौहान की जिसने देश की सर्वोच्च प्रतियोगी परीक्षा सिविल सेवा में पूरे देश भर में 260 सी रैंक हासिल की है अब चयनित सूची और मेरिट लिस्ट की पात्रतानुसार प्राची का जल्द ही आईएएस या फिर आईपीएस बनने का सपना पूरा होगा.तीन दिन पूर्व घोषित हुए परिणामों में सिविल सेवा परीक्षा में चयनित होने के बाद प्राची पहली बार दक्षिण एक्सप्रेस से गंजबासौदा से होते हुए करीब 15 किलोमीटर दूर अपने गृह ग्राम गांव जोहद पहुंची. नगर में प्रथम नगर आगमन पर आगमन पर नगर में उनका भव्य और ऐतिहासिक स्वागत हुआ.

> स्टेशन से प्राची का स्वागत का क्रम शुरू हुआ जो सुभाष चौक, नेहरू चौक, अंबेडकर चौक, जय स्तंभ चौक, बरेठ रोड होते हुए तिरंगा चौक होते हुए ग्राम जोहत के लिए रवाना हुई. बरेठ रोड रघुवंशी धर्मशाला के पास रघुवंश परमार्थ सेवा ट्रस्ट और रघुकुल युवा परिषद द्वारा शॉल श्रीफल और प्रशस्ति पत्र देकर विधायक हरीसिंह रघुवंशी, ट्रस्ट अध्यक्ष रामकृष्ण सिंह रघुवंशी (राजखेड़ा) सहित ट्रस्ट के अन्य पदाधिकारियों ने प्राची को सम्मानित किया.

## रेलवे अस्पताल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

**पिपरिया** - रेलवे अस्पताल में अंतर्राष्टीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। रेलवे अस्पताल में डॉक्टर आर आर कुर्रे ने बताया कि समाज में महिलाओं को समान अवसर , समान सहयोग देते है तो इसके लाभ पूरे समाज को मिलते है। महिलाओं के शिक्षा सुरक्षा स्वास्थ्य और आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देकर एक बेहतर और समृद्ध समाज का निर्माण किया जा सकता है एवं समान शिक्षा राजनीतिक उपलब्धियां, नारी शक्ति, सशक्तिकरण को बढ़ावा देने एवं सम्मान देने के उद्देश्य से अंतर्राष्टीय महिला दिवस मनाया जाता है। भारत सरकार ने महिला के लिए विशेष प्रकार के कानून की व्यवस्था भी की है।